अमर उजाला 08/08/2023

विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए हवन

अंबाला। कैंट स्थित जीएमएन कॉलेज में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए हवन किया गया। हवन में समस्त स्टाफ व प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने पूर्ण आहुतियां दीं। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस महाविद्यालय का ध्येय डिग्री के साथ-साथ विद्यार्थियों को रोजगार देना भी है। साथ ही उनके संपूर्ण व्यक्तित्व पर ध्यान दिया जाता है। इसके पश्चात विद्यार्थियों को टाइम टेबल की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पढ़ाई होगी। विद्यार्थियों को समझाने के लिए आठ, नौ व 10 अगस्त को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संवाद